सत्यमेव जयते

# षोडश

# बिहार विधान सभा

## सप्तम सत्र

## तारांकित प्रश्न

### वर्ग-2

मंगलवार, तिथि $\frac{\text{31 श्रावण, 1939 (श0)}}{\text{22 अगस्त, 2017 (ई0)}}$

**प्रश्नों की कुल संख्या 73**

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| (1) | शिक्षा विभाग | .. | .. | 52 |
| (2) | अनुसूचित जाति एवं जन–जाति कल्याण विभाग | .. | .. | 03 |
| (3) | कला, संस्कृति एवं युवा कल्याण विभाग | .. | .. | 09 |
| (4) | समाज कल्याण विभाग | .. | .. | 04 |
| (5) | परिवहन विभाग | .. | .. | 02 |
| (6) | पर्यावरण एवं वन विभाग | .. | .. | 01 |
| (7) | विज्ञान एवं प्रावैधिकी विभाग | .. | .. | 01 |
| (8) | मद्य निषेध, उत्पाद एवं निबंधन विभाग | .. | .. | 01 |
| | | | कुल योग — | 73 |

पदस्थापित करना

*1. श्री रामदेव राय--क्या मंत्री, शिक्षा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि राज्य में नियुक्त अनौपचारिक शिक्षा अनुदेशक को विभिन्न उच्च विद्यालयों में आदेशपाल के रिक्त पद पर सामंजन करने हेतु सरकार द्वारा एक वर्ष पूर्व निर्णय लिया गया है ;

(2) क्या यह बात सही है कि इन अनुदेशकों को सेवा सामंजन करने में उनकी घर की दूरी (गृह) जिला का ख्याल नहीं कर मधेपुरा, पूर्णियाँ आदि जिला के अनुदेशकों को बेगूसराय, समस्तीपुर एवं अन्य स्थलों पर पदस्थापित किया गया है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार इन अल्प वेतनभोगी चतुर्थवर्गीय कर्मचारियों को गृह जिला में या गृह प्रखण्डों में पदस्थापित करने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक ?

--------

पदस्थापन करना

*2. श्रीमती गुलजार देवी--क्या मंत्री, शिक्षा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि मधुबनी जिला अंतर्गत घोघरडीहा प्रखण्ड में विगत दो वर्षों से प्रखण्ड शिक्षा पदाधिकारी का पद रिक्त है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त प्रखण्ड में प्रखण्ड शिक्षा पदाधिकारी का पदस्थापन करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

अनापत्ति प्रमाण-पत्र देना

*3. श्री ललन पासवान--क्या मंत्री, पर्यावरण एवं वन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि रोहतास जिलान्तर्गत रोहतास प्रखण्ड मुख्यालय से नागाटोली तक पथ का पर्यावरण एवं वन विभाग द्वारा अनापत्ति प्रमाण-पत्र नहीं मिलने के कारण 25 गाँवों का रास्ता अवरुद्ध है जबकि अनापत्ति प्रमाण-पत्र मिल जाने से इन सभी गाँवों के साथ-साथ ऐतिहासिक रोहतासगढ़ किला पर भी आने-जाने का रास्ता हो जायेगा, यदि हाँ, तो सरकार कबतक अनापत्ति प्रमाण-पत्र देने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

कार्रवाई करना

*4. श्रीमती गुलजार देवी--क्या मंत्री, शिक्षा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि प्रधान सचिव, शिक्षा विभाग के ज्ञापांक 804, दिनांक 26 जून, 2013 के अनुसार राज्य के सरकारी विद्यालयों में अपराह्न 3.00 बजे से 4.00 बजे तक का समय पाठ योजना निर्माण हेतु निर्धारित है ;

(2) क्या यह बात सही है कि राज्य के तमाम विद्यालयों में बगैर पाठ योजना के ही वर्ग शिक्षण किया जा रहा है, जिस कारण शिक्षा की गुणवत्ता में भारी गिरावट आ गयी है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार विद्यालयों में पाठ योजना सुनिश्चित कराने हेतु कौन-सी कार्रवाई करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

कार्रवाई करना

*5. श्री (मो०) आफाक आलम--क्या मंत्री, शिक्षा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि पूर्णियाँ जिलान्तर्गत के० नगर प्रखण्ड के कोभरा पंचायत के प्राणपट्टी में उत्क्रमित उच्च विद्यालय का भवन दिसम्बर, 2016 से निर्माण किया जा रहा है ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त विद्यालय के भवन निर्माण में प्राक्कलन के अनुसार बालू, छड़, सीमेंट आदि का उपयोग नहीं किया जा रहा है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त विद्यालय भवन का निर्माण की जाँच कराते हुये संवेदक एवं पदाधिकारियों पर कार्रवाई करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

राशि की वसूली

*6. श्री शिवचन्द्र राम--क्या मंत्री, अनुसूचित जाति एवं अनु० जनजाति कल्याण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि राज्य के निगरानी विभाग द्वारा की गयी जाँच में बिहार दलित विकास मिशन में करोड़ों की राशि के गबन को सत्य पाया गया है किन्तु अभीतक दोषियों पर कोई कार्रवाई नहीं हुयी है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक दोषियों पर कार्रवाई करते हुये गबन की राशि की वसूली करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

औचित्य बतलाना

*7. श्री राघव शरण पाण्डेय--क्या मंत्री, समाज कल्याण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि पश्चिम चम्पारण जिलान्तर्गत बगहा-2 प्रखण्ड के पैकवलिया, मर्यादपुर पंचायत के आँगनबाड़ी केन्द्र संख्या 94 का भवन 2014-15 में निर्मित हो चुका है तथा उक्त केन्द्र के लिये सेविका की नियुक्ति हो गयी है, किन्तु केन्द्र का संचालन निर्मित स्थल पर नहीं हो रहा है जिसके कारण केन्द्र से आच्छादित बच्चों को आँगनबाड़ी की योजनाओं का लाभ नहीं मिल रहा है, यदि हाँ, तो बच्चों को लाभ से वंचित रखने का क्या औचित्य है ?

--------

कार्रवाई करना

*8. श्री सत्यदेव सिंह--क्या मंत्री, शिक्षा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि अरवल जिला अंतर्गत बंशी प्रखण्ड में स्थित श्याम सुन्दर उच्च विद्यालय, एकरौजा के प्रभारी प्रधानाध्यापक श्री अशोक कुमार ने छात्र/छात्राओं की गलत उपस्थिति दर्शाकर सत्र 2013-14 में मुख्यमंत्री साइकिल योजना एवं पोशाक योजना से 2,25,000 (दो लाख पच्चीस हजार) रुपये तथा कल्याण शाखा से छात्रवृत्ति मद में 79 हजार 200 रु० प्राप्त कर सरकारी राशि का गबन जिला कार्यक्रम पदाधिकारी की मिलीभगत से कर लिया है ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त प्रभारी ने वर्ष 2016 में भी अपने निजी खाता सं० 2390000100042188 पंजाब नेशनल बैंक, तूर्क, तेलपा माली में छात्रवृत्ति योजना की राशि 35 हजार 5 सौ रु० जमा कर पुनः निकाल लिया है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त दोषी पदाधिकारी के विरुद्ध कार्रवाई करते हुये गबन की गयी राशि की वसूली करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

कार्रवाई करना

*9. श्री विजय कुमार विजय--क्या मंत्री, शिक्षा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि मुंगेर जिलान्तर्गत जिला परिषद्, मुंगेर में दिनांक 29 मार्च, 2017 को शिक्षकों का नियोजन किया गया जिसमें अप्रैल, 2017 में जाँच के फलस्वरूप 300 से ज्यादा फर्जी डिग्रीधारी शिक्षकों का पता चला, जिनमें से मात्र 11 फर्जी शिक्षकों पर कार्रवाई हुई तथा शेष यथावत हैं, यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त शेष आरोपित फर्जी शिक्षकों एवं इसके लिये दोषी पदाधिकारियों/कर्मचारियों पर कबतक कार्रवाई करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

-------

निर्माण कराना

*10. डॉ० रंजु गीता--क्या मंत्री, कला, संस्कृति एवं युवा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि सीतामढ़ी जिलान्तर्गत बाजपट्टी प्रखण्ड स्थित आदर्श उच्च विद्यालय, बाचोपट्टी, नरहा का खेल का मैदान अत्याधुनिक स्टेडियम बनाने की सभी अर्हता रखता है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त वर्णित खेल मैदान में अत्याधुनिक स्टेडियम का निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

अनुकम्पा पर नियुक्ति

*11. श्री अचमित ऋषिदेव--क्या मंत्री, शिक्षा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि बिहार पंचायत प्रारंभिक शिक्षक नियुक्ति एवं सेवाशर्त नियमावली, 2012 यथा संशोधित 2014 एवं 2015 के तहत यह प्रावधान है कि प्रारंभिक विद्यालय में पूर्व से नियुक्त शिक्षक अथवा वर्ष 2006 एवं इस नियमावली के आलोक में नियोजित होनेवाले शिक्षकों की सेवाकाल में मृत्यु होने पर उनके आश्रितों को अनुकम्पा के आधार पर पंचायत शिक्षक/प्रखण्ड शिक्षक के बेसिक ग्रेड के पद पर उपलब्ध रिक्तियों के विरुद्ध नियोजन किया जा सकेगा, किन्तु राज्य में 31 मार्च, 2015 के बाद मृत शिक्षकों के आश्रितों को अनुकम्पा के आधार पर नियोजित नहीं किया जा रहा है, जिससे उनलोगों के समक्ष भूखमरी की समस्या उत्पन्न हो गयी है, यदि हाँ, तो क्या सरकार मृत शिक्षकों के आश्रितों को अनुकम्पा के आधार पर नियोजित करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

-------

दरवाजा लगाना

*12. श्रीमती सुनीता सिंह चौहान--क्या मंत्री, शिक्षा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि सीतामढ़ी जिले के परसौनी प्रखण्ड के ठांगर में एक ही कैम्पस में कस्तुरबा गाँधी आवासीय विद्यालय एवं मध्य विद्यालय स्थापित हैं ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त दोनों विद्यालय का मेनगेट एक ही है, जिसमें दरवाजा नहीं है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त विद्यालय के मेन गेट पर दरवाजा लगाने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

औचित्य बतलाना

*13. श्री राम विलाश पासवान--क्या मंत्री, शिक्षा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि भागलपुर जिला के कहलगाँव प्रखण्ड के मथुरापुर उच्च माध्यमिक विद्यालय के निबंधन की सम्बद्धता के संबंध में सचिव, बिहार विद्यालय परीक्षा समिति (उच्च माध्यमिक), पटना द्वारा शेष वांछित शर्तों की पूर्ति कर सूचना साक्ष्य सहित कार्यालय को भेजने हेतु ज्ञापांक Estab 8157/डी-16, दिनांक 23 जनवरी, 2016 द्वारा पत्र प्रेषित किया गया था ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त पत्र के आलोक में सम्बद्धता संबंधी वांछित अर्हता पूरा करने हेतु संबंधित विद्यालय के प्राचार्य ने पत्रांक एम०एम०एम०/फरवरी 4/2016, दिनांक 4 फरवरी, 2016 द्वारा जिला शिक्षा पदाधिकारी, भागलपुर को पत्र प्रेषित किया था, परन्तु आजतक उक्त विद्यालय की सम्बद्धता प्राप्त नहीं हो सकी है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो उक्त विद्यालय के निबंधन की सम्बद्धता के संबंध में निर्णय नहीं लिये जाने का क्या औचित्य है ?

--------

मानदेय का भुगतान

*14. श्री तारकिशोर प्रसाद--दैनिक समाचार-पत्र में दिनांक 19 जून, 2017 को प्रकाशित शीर्षक "1.60 लाख आँगनबाड़ी कर्मियों के पैसे बकाया, खुलेंगे 23 हजार केन्द्र" के आलोक में क्या मंत्री, समाज कल्याण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि राज्य में कुल 91,677 आँगनबाड़ी केन्द्रों में 1 लाख 60 हजार सेविका एवं सहायिकाएँ कार्यरत हैं, जिन्हें विगत 6 महीने से मानदेय का भुगतान नहीं किया गया है, जिसके लिये ये लोग आंदोलन भी कर चुके हैं ;

(2) क्या यह बात सही है कि इन्हें मानदेय भुंगतान नहीं किये जाने के कारण इनके परिवार के सामने भूखमरी की स्थिति पैदा हो गयी है एवं दायित्व निर्वहन पर भी असर पड़ रहा है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार कबतक इन्हें मानदेय भुगतान करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

विद्यालय की स्थापना

*15. श्री जितेन्द्र कुमार--क्या मंत्री, शिक्षा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि नालन्दा जिलान्तर्गत सरमेरा प्रखण्ड के ग्राम-सेखड़ा बीघा में प्राथमिक विद्यालय खोलनें हेतु सारी अर्हताओं को पूरा करता है, परन्तु आजतक सेखड़ा बीघा में प्राथमिक विद्यालय नहीं खोला गया है, जिससे छात्र-छात्राओं को पढ़ने हेतु 2 कि०मी० की दूरी पर स्थित विद्यालय जाना पड़ता है, यदि हाँ, तो क्या सरकार छात्र/छात्राओं के हित में सेखड़ा में प्राथमिक विद्यालय की स्थापना कबतक करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

विद्यालय भवन का निर्माण

*16. श्री (मो०) नेमातुल्लाह--क्या मंत्री, शिक्षा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि गोपालगंज जिला के माँझा प्रखण्ड के श्रीरामपुर गाँव में स्थित प्राथमिक विद्यालय भवनहीन होने के कारण छात्र/छात्राओं के पठन-पाठन का कार्य बरसात में बाधित है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक वर्णित विद्यालय का भवन निर्माण कराने का विचार रखता है, नहीं, तो क्यों ?

अनुकम्पा पर नियुक्ति

*17. श्रीमती अरूणा देवी--क्या मंत्री, शिक्षा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि सामान्य प्रशासन विभाग के पत्रांक 11462, दिनांक 24 अगस्त, 2016 के द्वारा सेवाकाल में मृत सरकारी कर्मियों के मैट्रिक परीक्षोत्तीर्ण आश्रितों को वर्ग-4 (समूह घ) के पद हेतु ग्रेड पे-1800 में अनुकम्पा के आधार पर नियुक्त करने का प्रावधान किया गया है ;

(2) क्या यह बात सही है कि डी0पी0ओ0 (शिक्षा), गया के अन्तर्गत हरिदास सेमिनरी स्कूल, गया में आदेशपाल के पद पर पदस्थापित चतुर्थवर्गीय कर्मी स्व0 दिनेश कुमार की सेवाकाल में ही दिनांक 13 जुलाई, 2011 को मृत्यु हुई थी ;

(3) क्या यह बात सही है कि मृतक के आश्रित पत्नी श्रीमती गुड़िया देवी (मैट्रिक उत्तीर्ण) ने स्वंय को समूह घ के पद पर अनुकम्पा के आधार पर नियुक्ति हेतु अपना अभ्यावेदन् दिनांक 19 नवम्बर, 2013 एवं 21 मई, 2015 को स्कूल के प्राचार्य को, दिनांक 20 सितम्बर, 2016 एवं 26 सितम्बर, 2016 को क्रमश: जिलाधिकारी, गया एवं डी0ई0ओ0, गया को तथा दिनांक 7 जून, 2017 को डी0पी0ओ0 (शिक्षा), गया को निर्बाधित डाक द्वारा भेज दिया है ;

(4) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार श्रीमती गुड़िया देवी को कबतक नियुक्त करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

बस का परिचालन

*18. श्री राज किशोर सिंह--क्या मंत्री, परिवहन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि वैशाली ऐतिहासिक स्थल के रूप में विश्व प्रसिद्ध है जहाँ विश्व भर से पर्यटक आते है ;

(2) क्या यह बात सही है कि पटना से वैशाली वाया हाजीपुर सरकारी बस का परिचालन नहीं होने से पर्यटकों एवं वहाँ की जनता को आवागमन में असुविधा होती है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार पटना से वैशाली वाया हाजीपुर सरकारी बस का परिचालन करने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

--------

प्रवरण वेतनमान में प्रोन्नति

*19. श्री महबूब आलम--क्या मंत्री, शिक्षा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि वित्त विभाग की अधिसूचना सं0 6022, दिनांक 18 दिसम्बर, 1989 के द्वारा 1 जनवरी, 1986 के प्रभाव से राज्य के सभी राजकीयकृत प्राथमिक से +2 तक के विद्यालय के शिक्षकों का वेतनमान पुनरीक्षित किया गया है ;

(2) क्या यह बात सही है कि राजकीयकृत उच्च माध्यमिक विद्यालय के शिक्षकों को उच्चत्तर योग्यता में छूट के साथ 1 अप्रील, 1986 के प्रभाव से प्रारंभ कर प्रवरण वेतनमान की प्रोन्नति दे दी गई है जबकि वर्ग 1 से वर्ग 8 तक के राजकीयकृत प्रारंभिक विद्यालयों के उच्चत्तर योग्यताधारी शिक्षकों को 1 अप्रील, 1998 के प्रभाव से तथा न्यूनतम अर्हक योग्यता वाले शिक्षकों को 1 अप्रील, 2004 के प्रभाव से प्रारंभ कर प्रवरण वेतनमान की प्रोन्नति दी जा रही है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार प्रारंभिक शिक्षकों को भी 1 अप्रील, 1986 के प्रभाव से प्रवरण वेतनमान में प्रोन्नति देना चाहती है, हाँ, तो कबतक नहीं, तो क्यों ?

--------

स्टेडियम का निर्माण

*20. श्री जयवर्धन यादव--क्या मंत्री, कला, संस्कृति एवं युवा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि पटना जिलान्तर्गत दुल्हिन बाजार के ग्राम-लालाभदसारा में वर्ष 2008 में राशि के अभाव में स्टेडियम का निर्माण कार्य अधूरा छोड़ दिया गया है, यदि हाँ, तो क्या सरकार राशि उपलब्ध कराकर उक्त अधूरे कार्य को पूर्ण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो, क्यों ?

कार्रवाई करना

*21. श्री रत्नेश सादा--क्या मंत्री, शिक्षा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि सहरसा जिलान्तर्गत पतरघट प्रखंड के गोलमा पश्चिमी पंचायत के रामजानकी उच्च विद्यालय, पिपरा के प्रधानाध्यापक सियाराम यादव द्वारा वित्तीय वर्ष 2014-15, 2015-16 एवं 2016-17 का साइकिल एवं पोशाक वितरण की राशि का उठाव कर लिया गया है परन्तु साइकिल एवं पोशाक का वितरण नहीं किया गया है, यदि हाँ, तो सरकार इसकी जाँच कराकर दोषी प्रधानाध्यापक के विरुद्ध कौन-सी कार्रवाई करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

बस का परिचालन

*22. श्री राम विलाश पासवान--क्या मंत्री, परिवहन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि भागलपुर जिलान्तर्गत पीरपैंती प्रखंड झारखंड का सीमावर्ती क्षेत्र है जहाँ से पटना आने की कोई व्यवस्था नहीं है ;

(2) क्या यह बात सही है कि सरकारी बसों का परिचालन नहीं होने से उक्त प्रखंड के आम जनता को पटना आने में कठिनाई होती है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार पटना से पीरपैंती हेतु सरकारी बसों का परिचालन कराने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

--------

कार्रवाई करना

*23. श्री जिवेश कुमार--क्या मंत्री, शिक्षा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि दरभंगा जिला अन्तर्गत जाले प्रखंड के देवरा बन्धौली पंचायत स्थित उत्क्रमित माध्यमिक विद्यालय बंधौली में अर्धनिर्मित भवन का पिलर एवं दिवाल हल्के से धक्के पर हिलता है जो कभी भी बड़े हादसा को अंजाम दे सकता है ;

(2) क्या यह बात सही है कि इस विद्यालय के भवन के निर्माण में वित्तीय अनियमितता बरती गई जिसके कारण भवन का निर्माण अधूरा रह गया ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार जर्जर भवन को पुनः निर्माण के साथ दोषियों पर कार्रवाई करने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

--------

क्रिकेट एकेडमी स्थापित करना

*24. श्री विजय कुमार खेमका--क्या मंत्री, कला, संस्कृति एवं युवा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि बिहार के पूर्णियाँ सहित 12 जिला मुख्यालय में क्रिकेट एकेडमी की स्थापना करने के प्रस्ताव को विभाग द्वारा वित्तीय वर्ष 2016-17 में स्वीकृति दी है ;

(2) क्या यह बात सही है कि इस क्षेत्र के कई खिलाड़ी राज्य एवं राष्ट्रीय स्तर पर चयनित होते है पर प्रशिक्षण एवं अभ्यास के अभाव में उनकी तैयारी अधूरी रह जाती है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार पूर्णियाँ जिला में क्रिकेट एकेडमी स्थापित करने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

मरम्मती कराना

*25. श्री श्याम रजक--स्थानीय दैनिक समाचार-पत्र में दिनांक 21 दिसम्बर, 2016 को प्रकाशित शीर्षक ''सिटी को चमकाया, धरोहरों को भी सवारिये'' के आलोक में क्या मंत्री, कला, संस्कृति एवं युवा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि पटना सिटी में प्राचीन, मध्य एवं आधुनिक इतिहास काल की चाणक्य गुफा, चन्द्रगुप्त का किला, हाजीगंज में शेरशाह के समय की अफगानी शैली की मस्जिद, पश्चिमी दरवाजे का पिलर, मीर अशरफ की मस्जिद, पादरी की हवेली जैसी ऐतिहासिक दर्शनीय स्थल है ;

(2) क्या यह बात सही है कि इन ऐतिहासिक स्थलों की स्थिति जर्जर है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार इन स्थलों की मरम्मती कराने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

--------

कमरा का निर्माण

*26. श्री राजेश कुमार--क्या मंत्री, शिक्षा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि औरंगाबाद जिले के कुटुम्बा प्रखंड अन्तर्गत महाराजगंज में राजकीयकृत मदरसा उर्दू मध्य विद्यालय है जहाँ 5 सौ छात्र/छात्राएँ पठन-पाठन करते है ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त विद्यालय में वर्तमान में पाँच कमरा है जो छात्र के अनुपात में काफी कम है जिससे छात्र/छात्राओं को पठन-पाठन में कठिनाई होती है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त विद्यालय में पाँच अतिरिक्त कमरा बनवाने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

शिक्षक नियुक्त करना

*27. श्री अचमित ऋषिदेव--क्या मंत्री, शिक्षा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि अररिया जिलान्तर्गत भरगामा प्रखंड के उच्चतर माध्यमिक विद्यालय पूर्वी चरैया में वर्ग 1 से 8 तक 325 छात्र/छात्रा एवं वर्ग 9 से 10 तक 210 छात्र/छात्रा अध्ययनरत है ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त विद्यालय में विज्ञान, गणित एंव अंग्रेजी विषय के शिक्षक नहीं है जिससे वर्ग नवम् एवं दशम् के छात्र/छात्राओं को इन विषयों को पढ़ने समझने में कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त विद्यालय में गणित, विज्ञान एवं अंग्रेजी के शिक्षक नियुक्त करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

कार्रवाई करना

*28. श्री (मो0) आफाक आलम--क्या मंत्री, शिक्षा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि पूर्णियाँ जिलान्तर्गत कसबा प्रखंड स्थित उच्च विद्यालय, कसबा के भवन का निर्माण 15 वर्ष पूर्व शुरू किया गया था लेकिन आजतक उक्त विद्यालय का भवन निर्माण कार्य पूर्ण नहीं किया गया है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त विद्यालय के भवन का निर्माण कबतक पूर्ण कराते हुये संवेदक पर कार्रवाई करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

उत्क्रमित करना

*29. (डॉ0) मो0 जावेद--क्या मंत्री, शिक्षा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि किशनगंज जिला के पोठिया प्रखंड की कुल आबादी तीन लाख है एवं उक्त आबादी पर मात्र एक प्रोजेक्ट गर्ल्स हाई स्कूल पोठिया प्रखंड मुख्यालय में स्थित है ;

(2) क्या यह बात सही है कि आजादनगर छतरगाछ से प्रोजेक्ट गर्ल्स हाई स्कूल की दूरी 17 कि0मी0 है साथ ही मध्य विद्यालय, आजादनगर छतरगाछ 10 पंचायतों के मध्य में स्थित है ;

(3) क्या यह बात सही है कि उक्त मध्य विद्यालय को बालिका उच्च विद्यालय में उत्क्रमित किये जाने पर छात्राओं को सुविधा होगी ;

(4) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त विद्यालय को बालिका उच्च विद्यालय में उत्क्रमित करने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

--------

उत्क्रमित करना

*30. श्री मुन्द्रिका सिंह यादव--क्या मंत्री, शिक्षा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि जहानाबाद जिला के रतनी फरीदपुर प्रखंड के कनसुआ पंचायत में कोई उच्च विद्यालय नहीं है बल्कि इस पंचायत मुख्यालय में सिर्फ उर्दू मध्य विद्यालय संचालित है, यदि हाँ, तो सरकार प्रश्नाधीन मध्य विद्यालय को उच्च विद्यालय में उत्क्रमित करने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक ?

--------

नियमावली बनाना

*31. डा0 रामानन्द यादव--क्या मंत्री, शिक्षा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि शिक्षा के क्षेत्रीय कार्यालयों में कार्यरत अनुसचिवीय कर्मचारी की सेवाशर्त बिहार समाहरणालय लिपिकीय संवर्ग (भर्त्ती एवं सेवाशर्त) नियमावली 2011 के अनुरूप बनाने हेतु प्रधान सचिव द्वारा दिनांक 7 जून, 2012 को ही प्रस्ताव दिया जा चुका है परन्तु आजतक सेवाशर्त का नियमावली नहीं बन सकी है ;

(2) क्या यह बात सही है कि शिक्षा विभाग के क्षेत्रीय कार्यालयों में पदस्थापित लिपिक (अनुसचिवीय कर्मचारी) की सेवाशर्त नहीं रहने के कारण जिस पद पर योगदान करते है उसी पद से सेवानिवृत्त हो जाते है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार शिक्षा अनुसचिवीय कर्मचारी (क्षेत्रीय) का सेवाशर्त का नियमावली बनाने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

--------

वाहनों की नीलामी

*32. श्री संजय सरावगी--क्या मंत्री, मद्य निषेध, उत्पाद एवं निबंधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि बिहार में 5 अप्रील, 2016 से पूर्ण शराब बंदी के पश्चात् अबतक 11.5 लाख लीटर शराब जब्त की गई है जिसमें से मात्र 2.5 लाख लीटर शराब ही विनष्ट किया जा सका है ;

(2) क्या यह बात सही है कि 5 अप्रील, 2016 से लागू पूर्ण शराब बंदी के पश्चात् अबतक 1687 बड़े वाहन, 1931 मोटर साइकिल, 739 चारपहिया वाहन जब्त किये गये है जिसमें से मात्र 264 वाहन ही नीलाम किया गया है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो खंड (1) में वर्णित शेष शराब को अबतक नष्ट नहीं करने एवं खंड (2) में वर्णित सभी वाहनों को अबतक नीलाम नहीं किये जाने का क्या औचित्य है ?

जीर्णोद्धार करना

*33. श्री विजय कुमार खेमका--क्या मंत्री, विज्ञान एवं प्रावैधिकी विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि पूर्णियाँ जिला मुख्यालय स्थित मौसम विभाग का भवन जर्जर हो गया है एवं उपकरण काफी पुराना है, जिससे मौसम की सही सूचना समय पर लोगों को नहीं मिल पाती है ;

(2) क्या यह बात सही है कि सीमांचल का पूर्णियाँ प्रमंडल मौसम के हिसाब से अति संवेदनशील क्षेत्र है, यहाँ आये दिन बेमौसम आंधी तूफान एवं ठनका (बिजली) गिरने से जान-माल एवं फसल का भारी नुकसान होता है ;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार विभाग के उक्त कार्यालय भवन का जीर्णोद्धार करने एवं वहाँ आधुनिक उपकरण लगाने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---

विद्यालय स्थापित करना

*34. श्री मनोहर प्रसाद सिंह--क्या मंत्री, शिक्षा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि कटिहार जिला के मनिहारी प्रखण्ड अंतर्गत मनिहारी शहर में बालकों के लिये एक भी मध्य विद्यालय नहीं है, यदि हाँ, तो क्या सरकार वहाँ एक मध्य विद्यालय स्थापित करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

रिजल्ट प्रकाशित करना

*35. श्री अनिल सिंह--क्या मंत्री, शिक्षा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि पटना विश्वविद्यालय के अंतर्गत आर्ट कॉलेज, पटना में बैचलर ऑफ फाईन आर्ट्स (बी0 एफ0 ए0) की पढ़ाई होती है, जिसमें प्रत्येक वर्ष 48 विद्यार्थी नामांकित होते हैं ;

(2) क्या यह बात सही है कि मास्टर ऑफ फाईन आर्ट्स (एम0 एफ0 ए0) की पढ़ाई की व्यवस्था प्रदेश में नहीं रहने के कारण विद्यार्थियों को राज्य के बाहर जाने के लिये विवश होना पड़ता है ;

(3) क्या यह बात सही है कि बी0 एच0 यू0 सहित देश के पाँच विश्वविद्यालयों के एम0 एफ0 ए0 की प्रतियोगिता परीक्षा, 2017 का रिजल्ट आ चुका है, परन्तु बिहार में बी0 एफ0 ए0 का रिजल्ट नहीं आने के कारण श्री गौतम कुमार सहित सात विद्यार्थियों का भविष्य अधर में है ;

(4) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार राज्य में एम0 एफ0 ए0 की पढ़ाई प्रारंभ करने तथा बी0 एफ0 ए0 एक्जाम, 2017 का रिजल्ट तत्काल प्रकाशित करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

भवन निर्माण कराना

*36. श्री रवीन्द्र सिंह--क्या मंत्री, शिक्षा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि अरवल जिलान्तर्गत करपी प्रखण्ड के नवसृजित प्राथमिक विद्यालय बहेलिया बिगहा का अपना भवन नहीं है ;

(2) क्या यह बात सही है कि इस विद्यालय के भवन निर्माण के लिये उपलब्ध जमीन मौजा केयाल थाना नं0-184, खाता नं0-544, प्लौट नं0-6770, रकबा-50 डिसमील मालिक गैर-मजरूआ का अनापत्ति प्रमाण-पत्र अंचल अधिकारी, करपी ने पत्रांक 45, दिनांक 20 जनवरी, 2017 से जिला योजना पदाधिकारी, अरवल को समर्पित किया है ;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार वर्णित विद्यालय का भवन निर्माण कराने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---

स्टेडियम का निर्माण

*37. श्री अशोक कुमार सिंह (224)--क्या मंत्री, कला, संस्कृति एवं युवा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि औरंगाबाद जिलान्तर्गत मदनपुर प्रखण्ड के मदनपुर स्थित पड़ाव मैदान स्टेडियम बनाने की सभी अर्हताएँ पूरा करता है, यदि हाँ, तो सरकर उक्त मैदान में कबतक स्टेडियम निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

औचित्य बतलाना

*38. श्री सुबोध राय--क्या मंत्री, शिक्षा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि भागलपुर जिलान्तर्गत पचरूखी उच्च विद्यालय +2 का नया भवन दो साल से बनकर तैयार है, यदि हाँ, तो अबतक पुराने एवं किराये के भवन में ही पठन-पाठन जारी रखने और नये भवन को उपेक्षित का क्या औचित्य है ?

---

कार्रवाई करना

*39. श्री जितेन्द्र कुमार--क्या मंत्री, शिक्षा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि नालन्दा के अस्थावां प्रखण्ड में महम्मदपुर उच्च विद्यालय +2 एवं माफी उच्च विद्यालय +2 का निर्माण कार्य वर्ष 2009-2010 से अधूरा पड़ा हुआ है, जिससे छात्र/छात्राओं को पठन-पाठन में काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त विद्यालय के अधूरे पड़े कार्यों को पूरा करने एवं इसके लिये दोषी व्यक्तियों पर कबतक कार्रवाई करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

कक्षा संचालन कराना

*40. श्री सचीन्द्र प्रसाद सिंह--क्या मंत्री, शिक्षा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि बिहार शैक्षणिक आधारभूत संरचना निगम लि0 द्वारा फरवरी, 2017 तक बिहार में 216 मॉडल स्कूल का भवन निर्मित है ;

(2) क्या यह बात सही है कि नवनिर्मित भवनों का उपयोग नहीं होने से सभी भवन खराब हो रहे हैं ;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार उक्त सभी नवनिर्मित भवनों में उपस्कर की व्यवस्था कर माध्यमिक/उच्च माध्यमिक कक्षा का संचालन सुनिश्चित कराने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

भवन निर्माण कराना

*41. श्री राजेश कुमार--क्या मंत्री, शिक्षा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि औरंगाबाद जिले के कुटुम्बा प्रखण्ड अंतर्गत ग्राम-लेदी दोहर, विशुनपुर गाँवों में नवसृजित प्राथमिक विद्यालय वित्तीय वर्ष 2011-12 में स्वीकृत है, इन विद्यालयों का भवन निर्माण हेतु प्रश्नकर्ता द्वारा पत्रांक 236, दिनांक 3 सितम्बर, 2016 के द्वारा विभागीय मंत्री का ध्यानाकृष्ट कराया गया है फिर भी अभीतक कोई कार्रवाई नहीं हुई है, यदि हाँ, तो सरकार उपर्युक्त विद्यालयों का भवन निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

महिला महाविद्यालय खोलना

*42. श्री लाल बाबू प्रसाद गुप्ता--क्या मंत्री, शिक्षा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि राज्य सरकार ने प्रत्येक अनुमंडल में महिला महाविद्यालय खोलने का निर्णय किया है ;

(2) क्या यह बात सही है कि पूर्वी चम्पारण जिले के ढाका अनुमंडल में महिला महाविद्यालय नहीं है ;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार ढाका अनुमंडल के चिरैया प्रखण्ड में महिला महाविद्यालय खोलने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---

औचित्य बतलाना

*43. श्री सदानंद सिंह--क्या मंत्री, शिक्षा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि भागलपुर जिला के सन्हौला प्रखण्ड अंतर्गत सरकार द्वारा तीन वर्ष पूर्व ही राजकीय बुनियादी विद्यालय, भुड़िया के भवन का निर्माण हो जाने के बाद भी अबतक उक्त बुनियादी विद्यालय को हस्तानांतरित नहीं करने का क्या औचित्य है ?

---

पदस्थापना करना

*44. श्री हरिनारायण सिंह--क्या मंत्री, शिक्षा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि नालान्दा जिलान्तर्गत नगरनौसा प्रखण्ड के ग्राम पंचायत भुतहाखार अंतर्गत प्राथमिक विद्यालय, जानकी बिगहा में दो कमरा का निर्माण 9-10 वर्ष पूर्व ही कराया गया है ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त विद्यालय में दो कमरा निर्मित होने के उपरांत भी शिक्षक का यूनिट स्वीकृत नहीं रहने के कारण एक भी शिक्षक का पदस्थापन नहीं हुआ है, जिससे पढ़ाई का कार्य नहीं हो रहा है ;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार प्राथमिक विद्यालय, जानकी बिगहा में शिक्षकों का दो यूनिट स्वीकृत करते हुये उसका पदस्थापन कराने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---

ग्रेड पे का लाभ देना

*45. श्री चन्द्रसेन प्रसाद--क्या मंत्री, शिक्षा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि बिहार सरकार के द्वारा बिहार के साढ़े तीन लाख नियोजित शिक्षकों को जुलाई, 2015 से वेतनमान दिया गया है ;

(2) क्या यह बात सही है कि अप्रशिक्षित नियोजित शिक्षकों को ग्रेड पे का लाभ नहीं दिया गया है जिससे वे मानसिक तनाव में हैं ;

(3) क्या यह बात सही है कि बिहार में लगभग 10 हजार नियोजित शिक्षक सत्र 2015-17 में प्रशिक्षित होकर स्कूल में योगदान कर चुके हैं ;

(4) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त प्रशिक्षित नियोजित शिक्षकों को ग्रेड पे का लाभ देने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---

जर्जर सड़कों का निर्माण

*46. श्री श्याम रजक--स्थानीय दैनिक समाचार-पत्र में दिनांक 14 अक्टूबर, 2016 को प्रकाशित शीर्षक ''पटना विश्वविद्यालय के कॉलेजों तक पहुँचने वाले रास्ते बदहाल'' के आलोक में क्या मंत्री, शिक्षा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि पटना विश्वविद्यालय एवं इसके अधिकांश कॉलेजों की सड़कें जर्जर हैं ;

(2) क्या यह बात सही है कि नैक द्वारा विश्वविद्यालय एवं कॉलेजों को दिये जाने वाले ग्रांट में सड़क जैसी आधारभूत संरचना के लिये अंक दिये जाते हैं ;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार पटना विश्वविद्यालय एंव अधीनस्थ कॉलेजों की जर्जर सड़कों का निर्माण कराने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---

छात्रावास का जिर्णोद्धार

*47. डॉ0 विनोद प्रसाद यादव--क्या मंत्री, अनुसूचित जाति एवं जनजाति कल्याण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है गया जिलान्तर्गत शेरघाटी में अनुसूचित जाति कल्याण छात्रावास की स्थिति जीर्ण-शीर्ण है, इस कारण वहाँ बच्चे नहीं रहते हैं, यदि हाँ, तो सरकार उपरोक्त वर्णित छात्रावास का जीर्णोद्धार कबतक कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

डिग्री कॉलेज खोलना

*48. श्री फैसल रहमान--क्या मंत्री, शिक्षा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि पूर्वी चम्पारण जिलान्तर्गत ढाका प्रखण्ड में एक भी डिग्री कॉलेज नहीं है ;

(2) क्या यह बात सही है कि ढाका प्रखण्ड के छात्र एवं छात्राओं को आगे की पढ़ाई करने के लिये प्रखण्ड से बाहर जाना पड़ता है, जिसके कारण कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है ;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त प्रखण्ड में डिग्री कॉलेज खोलने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

शिक्षकों की व्यवस्था करना

*49. श्री राज किशोर सिंह--क्या मंत्री, शिक्षा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि वैशाली जिलान्तर्गत गौरोल प्रखंड के प्रोजेक्ट कन्या उच्च विद्यालय में नवीं एवं दसवीं कक्षा में कुल 306 छात्राएँ है, जिसमें 40 छात्राएँ उर्दू की है ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त विद्यालय में हिन्दी एवं उर्दू विषय के शिक्षक उपलब्ध नहीं होने से छात्राओं को पठन-पाठन में कठिनाई होती है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार प्रोजेक्ट कन्या उच्च विद्यालय गौरोल में हिन्दी एवं उर्दू विषय के शिक्षकों की व्यवस्था करने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

--------

पठन-पाठन शुरू करना

*50. डॉ० शकील अहमद खाँ--क्या मंत्री, शिक्षा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि कटिहार जिलान्तर्गत कदवा प्रखंड के सोनैली के बुबना मध्य विद्यालय प्रांगण में 5 वर्ष पूर्व समावेशी शिक्षा के तहत् दिव्यांग छात्रों के लिये विद्यालय भवन का निर्माण किया गया है ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त विद्यालय का उद्घाटन नहीं हुआ है जिससे उक्त क्षेत्र के दिव्यांग छात्रों का पठन-पाठन नहीं हो रहा है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार द्वारा उक्त दिव्यांग विद्यालय में अभीतक पठन-पाठन शुरू नहीं कराने का क्या औचित्य है ?

--------

बकाये वेतन का भुगतान

*51. श्री रामदेव राय--क्या मंत्री, शिक्षा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि मीना कुमारी एक नियमित वरीय शिक्षिका सह-प्रभारी प्रधानाध्यापक पद पर मध्य विद्यालय वेगमपुर प्रखंड खोदावन्दपुर जिला बेगूसराय में पदस्थापित है ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त शिक्षिका को विगत् दस माह से वेतन नहीं दिये जाने के कारण उनके समक्ष भूखमरी की समस्या उत्पन्न हो गई है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार इसके लिये दोषी पदाधिकारी पर कार्रवाई करते हुये बकाये वेतन का भुगतान कबतक करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

हस्तानांतरित करना

*52. श्री सदानंद सिंह--क्या मंत्री, शिक्षा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि भागलपुर जिला के गोराडीह प्रखंड अंतर्गत उत्क्रमित उच्च विद्यालय, गरहौतिया और उच्च विद्यालय जमसी का नव निर्मित भवन पिछले दो वर्षों से विद्यालय को हस्तानांतरित नहीं किया गया है, जिसके कारण दोनों विद्यालयों के छात्र/छात्राओं को पठन-पाठन में कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक नये भवनों को हस्तानांतरित करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

नामाकरण करना

*53. श्री संजय सरावगी--क्या मंत्री, शिक्षा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि कि दरभंगा नगर निगम क्षेत्रान्तर्गत वार्ड नं० 5 स्थित राजकीय मध्य विद्यालय रूहेल्लागंज के लिये 28 अप्रील, 1986 ई० को श्रीमती संझा देवी द्वारा 4 कट्ठा भूमि राज्य सरकार को निःशुल्क निबंधित कर दी गयी थी ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त विद्यालय का नामांकरण स्व०-रामावती देवी एवं रामचरण पूर्व मध्य विद्यालय करने के शर्त्त पर ही खंड (1) में वर्णित भूमि को निबंधन किया गया था, जबकि अबतक उक्त विद्यालय का नामांकरण शर्त के अनुरूप नहीं किया गया था ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, क्या सरकार खंड (1) में वर्णित विद्यालय का नामाकरण खंड (2) में वर्णित विद्यालय के रूप में करने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

--------

उच्च विद्यालय में उत्क्रमण

*54. श्री अशोक कुमार सिंह(224)--क्या मंत्री, शिक्षा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि गया जिला के डोभी प्रखंड में खरांटी पंचायत के म० वि० बरिया को +2 में उत्क्रमित किया जा चुका है, जबकि खरांटी पंचायत के म०वि० खरांटी में बच्चों की संख्या काफी अधिक है ;

(2) क्या यह बात सही है कि खरांटी से म०वि० बरिया की दूरी लगभग पाँच कि०मी० से अधिक है एवं आवागमन की सुविधा भी नहीं है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार म०वि० खरांटी को +2 उच्च विद्यालय में उत्क्रमित करने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

-------

शिक्षक की नियुक्ति

*55. श्री महबूब आलम--क्या मंत्री, शिक्षा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि मुजफ्फरपुर जिला के दर्शन संस्कृत महाविद्यालय, मनियारी में जनवरी, 2013 से एक भी शिक्षक नहीं है यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त महाविद्यालय में शिक्षण कार्य हेतु शिक्षकों की नियुक्ति करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

वेतन का भुगतान

*56. श्री मिथिलेश तिवारी--क्या मंत्री, शिक्षा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि राज्य के 429 अराजकीय संस्कृत विद्यालयों के सरकारीकरण हेतु सरकार ने दिनांक 18 दिसम्बर, 1989 के प्रभाव से अध्यादेश जारी किया था ;

(2) क्या यह बात सही है कि दिनांक 18 दिसम्बर, 1989 के पश्चात् सरकार ने इसी संदर्भ में कुल 6 अध्यादेश जारी किये जो 30 अप्रील, 1992 तक 2 वर्ष 4 माह 13 दिन तक प्रभावी थे ;

(3) क्या यह बात सही है कि बार-बार अध्यादेश जारी करने के कारण तत्कालीन महामहिम राज्यपाल महोदय ने इसे विधेयक के रूप में पेश करने के राय के साथ लौटाया था ;

(4) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार राज्य के 429 अराजकीय संस्कृत विद्यालयों का सरकारीकरण कर संबंधित विद्यालयों के शिक्षक/शिक्षकेतर कर्मियों को समायोजित करते हुये दिनांक 18 दिसम्बर, 1989 से 30 अप्रील, 1992 तक का भुगतान सुनिश्चित करने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

औचित्य बतलाना

*57. श्री अनिल सिंह--क्या मंत्री, कला, संस्कृति एवं युवा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि खेल क्षेत्र में लड़कियों को बढ़ावा देने के लिये पटना सहित प्रदेश के सभी जिलों में मुख्यमंत्री खेल विकास योजना के तहत आवासीय खेल प्रशिक्षण केन्द्रों की स्थापना की योजना 2013-14 में स्वीकृत हुई परन्तु अभीतक पटना सहित किसी भी जिले में आवासीय खेल प्रशिक्षण केन्द्र स्थापित नहीं किया गया, यदि हाँ, तो वर्ष 2013-14 की योजना को अभीतक कार्यान्वित नहीं किये जाने का क्या औचित्य है ?

--------

शिक्षकों का पदस्थापन

*58. डॉ० शकील अहमद खाँ--क्या मंत्री, शिक्षा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि कटिहार जिलान्तर्गत कदवा प्रखंड के उत्क्रमित उच्च विद्यालय, बैदा एवं डण्डखोड़ा प्रखंड के उत्क्रमित उच्च विद्यालय, नेपड़ा में क्रमश: 6-6 माध्यमिक शिक्षकों का पद स्वीकृत है ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त विद्यालयों में उक्त स्वीकृत पद के विरुद्ध एक भी शिक्षक कार्यरत नहीं हैं ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त विद्यालयों में शिक्षकों को पदस्थापित करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

कार्रवाई करना

*59. श्री (मो०) नेमातुल्लाह--स्थानीय हिन्दी दैनिक समाचार-पत्र में दिनांक 5 अगस्त, 2017 को प्रकाशित शीर्षक ''त्रुटि सुधार को डेढ़ सौ से पाँच हजार रुपये वसूल रहे दलाल'' के आलोक में क्या मंत्री, शिक्षा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि बिहार विद्यालय परीक्षा समिति के माध्यमिक एवं उच्च माध्यमिक प्रमाण-पत्र के काउंटरों पर ऑनलाईन प्रक्रिया होने के बावजूद त्रुटि सुधार अंक तथा प्रमाण-पत्र निकासी के कार्य हेतु मनमाने ढंग से अवैध राशि की वसूली की जा रही है, यदि हाँ, तो सरकार बिहार विद्यालय परीक्षा समिति के खिलाफ कौन-सी कार्रवाई कबतक करने का विचार है ?

--------

सेविका की नियुक्ति

*60. श्री सत्यदेव सिंह--क्या मंत्री, समाज कल्याण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि अरवल जिलान्तर्गत बंशी प्रखंड के पंचायत चमण्डी स्थित ग्राम-बड़हिया के आँगनबाड़ी केन्द्र संख्या 52 की सेविका श्रीमती प्रेमा कुमारी को निदेशक, आई०सी०डी०एस०, समाज कल्याण विभाग, बिहार के पत्रांक 2305, दिनांक 1 सितम्बर, 2016 द्वारा निर्गत आदेश के आलोक में दिनांक 20 अक्टूबर, 2016 को सेविका पद से चयनमुक्त कर दिया गया है ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त आँगनबाड़ी केन्द्र अभीतक बंद है, और उक्त सेविका के पद पर दूसरी सेविका की नियुक्ति नहीं हुई है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त आँगनबाड़ी केन्द्र में सेविका के पद पर नियुक्ति कराने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

उत्क्रमित करना

*61. डॉ० विनोद प्रसाद यादव--क्या मंत्री, शिक्षा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि गया जिला के डोभी प्रखंड के घोड़ा घाट एवं पट्टी पंचायत में उच्च विद्यालय नहीं, है, जिससे यहाँ के छात्रों को 5 कि०मी० दूरी तयकर पढ़ाई करने के लिये जाना पड़ता है, यदि हाँ, तो क्या सरकार घोड़ा घाट पंचायत के मध्य विद्यालय, घोड़ा घाट एवं पट्टी पंचायत के मध्य विद्यालय, चन्दा को +2 उच्च विद्यालय में उत्क्रमित करने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

--------

पठन-पाठन कराना

*62. श्री राघव शरण पाण्डेय--क्या मंत्री, अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति कल्याण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि पश्चिम चम्पारण जिला के बगहा-2 प्रखंड में कदमहवा में अनुसूचित जन-जाति कन्या विद्यालय भवन का निर्माण कार्य 14.60 करोड़ की राशि खर्च कर 2013 में पूरा कराया जा चुका है ;

(2) क्या यह बात सही है कि उपरोक्त विद्यालय में अभीतक पढ़ाई प्रारंभ नहीं हो पायी है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उपरोक्त विद्यालय में शिक्षकों की नियुक्तियाँ कर पठन-पाठन कराने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

--------

कला मंच बनाना

*63. श्री मनोहर प्रसाद सिंह--क्या मंत्री, कला, संस्कृति एवं युवा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि कटिहार जिला के मनिहारी प्रखंड अंतर्गत मनिहारी नगर में बलदेव प्रसाद, शुकदेव प्रसाद उच्च विद्यालय, मनिहारी में एक भी कला मंच नहीं है, यदि हाँ, तो क्या सरकार वहाँ कला मंच बनाने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

ओ०डी०एल० मोड के तहत शिक्षा

*64. श्री सचीन्द्र प्रसाद सिंह--क्या मंत्री, शिक्षा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि बिहार के वैसे प्रखंड जहाँ डिग्री कॉलेज नहीं हैं, वहाँ नालन्दा ओपेन विश्वविद्यालय के माध्यम से ओपेन डिस्टेंस लर्निंग (ओ०डी०एल०) मोड के अंतर्गत लर्निंग सेंटर चालू कर शिक्षा देने के लिये सरकार कृतसंकल्पित है, यदि हाँ, तो वैसे कितने प्रखंड हैं, जहाँ डिग्री कॉलेज नहीं हैं और सरकार ओ०डी०एल० मोड के अंतर्गत सहज रूप से पढ़ाई का अवसर प्रदान कर रही है ?

स्टेडियम का निर्माण

*65. श्री मिथिलेश तिवारी--क्या मंत्री, कला, संस्कृति एवं युवा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि राज्य सरकार द्वारा राज्य के सभी प्रखंडों में एक-एक स्टेडियम का निर्माण किया जाना है;

(2) क्या सह बात सही है कि इस योजना के अन्तर्गत गोपालगंज जिले के बैकुंठपुर प्रखंड के रेवतीग हाई स्कूल के खेल मैदान पर स्टेडियम निर्माण हेतु भूमि उपलब्ध है;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार रेवतीय हाई स्कूल के खेल मैदान में कबतक स्टेडियम निर्माण का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---------

निर्माण कार्य पूर्ण कराना

*66. डॉ० रंजु गीता--क्या मंत्री, शिक्षा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि सीतामढ़ी जिलान्तर्गत बाजपट्टी प्रखंड स्थित +2 आदर्श उच्च विद्यालय, बाजपट्टी, नरहा एवं +2 एस०आर०पी०एन० उच्च विद्यालय, बाजपट्टी का मॉडल विद्यालय भवन निर्माण कार्य 2 वर्ष पूर्व प्रारंभ किया गया था, परन्तु संवेदक द्वारा वर्णित मॉडल विद्यालय भवन को अर्द्धनिर्मित छोड़ दिया गया है, यदि हाँ, तो कबतक सरकार वर्णित मॉडल विद्यालय का भवन निर्माण कार्य पूर्ण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---------

भवन निर्माण कराना

*67. श्री जिवेश कुमार--क्या मंत्री, शिक्षा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि दरभंगा जिलान्तर्गत सिंहवाड़ा प्रखंड स्थित अरथुआ गाँव में बने +2 मिथिला उच्च विद्यालय में केवल तीन कक्ष हैं, जिसमें से दो कक्ष में विद्यालय का प्रशासनिक कार्य होता है तथा एक कक्ष पठन-पाठन के लिये उपलब्ध है, जो जर्जर स्थिति में है;

(2) क्या यह बात सही है कि इस विद्यालय में छात्रों की संख्या लगभग 800 है, किन्तु पठन-पाठन एवं बेंच, डेस्क के अभाव में छात्र/छात्राओं को कठिनाई होती है;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार इस विद्यालय में भवन निर्माण सहित अन्य मूलभूत सुविधा उपलब्ध कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

शिक्षक की प्रतिनियुक्ति

*68. श्री फैसल रहमान--क्या मंत्री, शिक्षा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि पूर्वी चम्पारण जिलान्तर्गत ढाका एवं घोड़ासहन प्रखंड में 8 विद्यालय उत्क्रमित मध्य विद्यालय में परिवर्तित किया गया है, परन्तु शिक्षक की कमी होने से बच्चों के शिक्षा पर प्रतिकूल असर पड़ रहा है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त विद्यालयों में शिक्षकों की प्रतिनियुक्ति करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

निर्माण कराना

*69. श्री रवीन्द्र सिंह--क्या मंत्री, शिक्षा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि अरवल जिलान्तर्गत अरवल प्रखंड के प्राथमिक विद्यालय, फेक बिगहा में मात्र दो कमरें हैं, यदि हाँ, तो सरकार इस विद्यालय में तीन अतिरिक्त रिक्त कमरों का निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों?

---------

राशि उपलब्ध कराना

*70. डॉ० (मो०) नवाज आलम--क्या मंत्री, समाज कल्याण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि भोजपुर जिलान्तर्गत आरा विधान-सभा क्षेत्र के आरा प्रखंड में विधवा पेंशन, विकलांग पेंशन, वृद्धा पेंशन की सन् 2015 तथा 2016 की राशि अधिकांश लोगों को नहीं मिली है;

(2) क्या यह बात सही है कि सरकार द्वारा अप्रैल, 2017 से लाभुकों को बैंक एकाउंट में राशि देनी थी परन्तु सभी लाभुकों को अबतक राशि नहीं दिया गया;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार कबतक वर्णित प्रखंड के सभी लाभुकों को राशि उपलब्ध कराना चाहेगी, नहीं, तो क्यों ?

---------

जमीन को मुक्त करना

*71. डॉ० (मो०) नवाज आलम--क्या मंत्री, शिक्षा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि भोजपुर जिलान्तर्गत आरा विधान-सभा क्षेत्र में टाउन +2 उच्च विद्यालय स्थापित है;

(2) क्या यह बात सही है कि इस विद्यालय परिसर में सात से आठ कट्ठा जमीन पर अवैध रूप से प्राइवेट स्कूल, शिशु भवन विद्यालय का कब्जा है;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार कबतक टाउन +2 उच्च विद्यालय के जमीन को अवैध कब्जे से मुक्त कराकर स्कूल का विकास कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

नियमावली लागू करना

*72. श्री चन्द्रसेन प्रसाद--क्या मंत्री, शिक्षा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि बिहार के साढ़े तीन लाख नियोजित शिक्षकों को जुलाई, 2015 से वेतनमान दिया गया है;

(2) क्या यह बात सही है कि उसी वेतनमान संबंधी अधिसूचना में नियोजित शिक्षकों की सेवाशर्त नियमावली तैयार करने के लिये कमिटी का गठन किया गया जिसे तीन माह में अपनी रिपोर्ट देनी थी, परन्तु दो साल बीत जाने के बाद भी उक्त नियोजित शिक्षकों की सेवाशर्त नियमावली लागू नहीं हुयी है;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त नियोजित शिक्षकों के लिये सेवाशर्त नियमावली लागू करने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

निर्माण कराना

*73. श्री ललन पासवान--क्या मंत्री, कला, संस्कृति एवं युवा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि रोहतास जिलान्तर्गत शिवसागर प्रखंड के ग्राम-गोतहर एवं ग्राम-मोहम्मदपुर में राजकीय एवं राष्ट्रीय स्तर के पहलवान विगत 50 वर्षों से अखाड़े में लड़ने आते हैं;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त दोनों गाँव में स्टेडियम एवं व्यायामशाला नहीं रहने के कारण ग्रामीणों एवं पहलवानों को दंगल प्रतियोगिता में काफी कठिनाई होती है;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त दोनों गाँवों में स्टेडियम एवं व्यायामशाला निर्माण कराने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---------

पटना :
दिनांक 22 अगस्त, 2017 (ई०) ।

राम श्रेष्ठ राय,
सचिव,
बिहार विधान-सभा ।

बि०स०मु० (एल०ए०), 22--550--डी०टी०पी०